SLCM GROUP IN NEWS: KISSANDHAN

Publication	Date	Edition	Page No
Dainik Bhaskar	May 6, 2025	Noida	15

एसएलसीएम की एनबीएफसी किसानधन ने 3000 करोड़ रुपये से अधिक के लोन किसानो को वितरित किये

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। किसानधन, सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट लिमिटेड की सब्सिडियरी कंपनी और किसानों के लिए मल्टी-एसेट एनबीएफसी, ने 3,244.22 करोड़ रुपये से अधिक के लोन वितरित कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने अपने टेक-इनेबल एग्री फाइनेंसिंग प्रोडक्ट्स से देश भर में 7,11,277 लाख किसानों को सशक्त बनाया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में किसानधन की पहुंच मजबूत हुई और सुदूर क्षेत्रों के किसानों को भी ऋण सुविधा का लाभ मिला। 14 से अधिक राज्यों में कार्यरत किसानधन, किसानों, एफपीओ, व्यापारियों और छोटे-मध्यम उद्यमों को लगातार आसान और कस्टमाइज वित्तीय समाधान प्रदान कर रही है। कंपनी ने अपने कमोडिटी-बेस्ड फाइनेंस मॉडल के तहत 49,976 स्टोरेज रसीदों के आधार पर 2,539.75 करोड़ रुपये के लोन वितरित किए हैं, जो वेयरहाउस रसीद वित्तपोषण में इसकी अग्रणी भूमिका को दर्शाता है।

किसानधन एग्री-क्रेडिट समाधानों की पेशकश करती है और इसका मकसद सभी को ऋण तक पहुंच मुहैया कराना है। एसएलसीएम ग्रुप के सीईओ संदीप सभरवाल ने किसानधन की उपलब्धि पर कहा, हम हमेशा से चाहते थे कि खेती के सामान को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने का एक मजबूत और जुड़ा हुआ सिस्टम बने।